नृत्ता में दिखी विभिन्न संस्कृतियों की झलक

मरियम नगर स्थित क्राइस्ट यूनिवर्सिटी में नृत्ता-21 वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य की प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं ● सौ. यूनिवर्सिटी

वि, गाजियाबाद : मरियम नगर स्थित क्राइस्ट (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के दिल्ली एनसीआर परिसर में ''नृत्ता-'21'' नामक वार्षिक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह क्राइस्ट यूनिवर्सिटी में हर साल मनाया जाता है, जो क्राइस्ट विश्वविद्यालय की उन्नत सांस्कृतिक प्रेम का प्रमाण देता है। देश के बहुल-सांस्कृतिक रूपों को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में मंच पर कई प्रकार के नृत्य की खूबसूरत झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर फादर बैनी, जो सीएमआई संस्थान के साथ उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, नेपाल और अफ्रीका आदि भागों में सेवारत हैं। विश्वविद्यालय का नृत्य समूह 'नाट्यार्पणा' और उनके नृत्य प्रशिक्षक नंदकुमार ने कार्यक्रम तैयार किया और साथ में स्वयं अपनी नाट्यकला की खूबसूरत झलक दी। कार्यक्रम जर्नी आफ मूवमेंट्स ''21 नामक विषय के बैनर तले करवाया गया। यहां शास्त्रीय और लोक तथा बालीवुड, सभी प्रकार के नृत्यों की बहुत ही खूबसूरत झलक देखने को मिली। सभी नृत्य नवरस के विभिन्न भावों की झांकी के रूप में प्रदर्शित किये गए। प्रथम कार्यक्रम को ''सूर्य नृत्य'' से शुरु करते हुए, भयानक, करुण, वीर, श्रृंगार आदि रसों के रूप में पेश किया। इस मौके पर पैरिश प्रीस्ट फादर जार्ज, सेंट जोसफ अकादमी के वाइस प्रिंसिपल फादर साबू, क्राइस्ट दिल्ली एनसीआर के निदेशक फादर विजु पीडी, क्राइस्ट दिल्ली एनसीआर के परिसर प्रशासक फादर सनी जोसफ आदि मौजूद रहे।